दिन–सोमवार    दिनांक– 21 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।    अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत वैश्विक भविष्य को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवनियुक्त एक हजार दो सौ उनतालीस दारोगा को नियुक्ति पत्र सौंपा। राज्य में पहली बार ट्रांसजेंडर सब इंस्पेक्टर को भी मिला नियुक्ति पत्र।

03. विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन का कार्य तेज हुआ। रामगढ़ विधानसभा सीट से भाजपा के अशोक कुमार सिंह और राजद प्रत्याशी अजीत कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल किया।

04. और, पटना के बिहटा में राज्य का पहला ड्राई पोर्ट और इनलैंड कंटेनर डिपो शुरू। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कंटेनर ट्रेन को रवाना कर किया उद्‌घाटन।

अब समाचार विस्तार से.........

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत वैश्विक भविष्य को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। श्री मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आकांक्षी भारत की चर्चा करते हुए कहा कि देश सभी क्षेत्रों में एक अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है।

———बाईट———

आज भारत के पास और एडवांटेज है, जो इस सदी को भारत की सदी बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह एआई का दौर है, दुनिया का वर्तमान और भविष्य एआई से जुडा हुआ है, लेकिन भारत के पास डबल एआई पावर की एडवांटेज है। आपके मन में सवाल होगा कि दुनिया के पास एक ही एआई है कि ये मोदी के पास डबल एआई कहा से आ गई। दुनिया की नज़रों में एक ही एआई है वो है आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस लेकिन हमारे पास वो तो है ही दूसरी एआई है एस्पिरेशनल इंडिया।

श्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के तीसरे कार्यकाल के शुरुआती एक सौ पच्चीस दिनों की उपलब्धियों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि बीते चार महीने में नौ लाख करोड़ रुपये की लागत वाली ढांचागत परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है और पंद्रह नई वंदे भारत रेलगाड़ियों की शुरूआत की गई है।

———बाईट———

125 डेज़ में गरीबों के लिए तीन करोड नए पक्के घरों को मंजूरी मिली है। युवाओं के लिए दो लाख करोड रुपए का पैकेज दिया है। 21 थाउजेंट करोड रुपए सीधे ट्रांस्फर किए हैं। हमने 70 साल से अधिक के बुर्जुगों के लिए पचास लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था की है।

श्री मोदी ने कहा कि इन एक सौ पच्चीस दिनों के दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर सात सौ बिलियन डॉलर से अधिक हो चुका है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार की उड़ान– उड़े देश का आम नागरिक योजना ने भारत के विमानन क्षेत्र के परिदृश्य को बदल दिया है। उड़ान योजना की आठवीं वर्षगांठ के अवसर पर आज प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इस योजना ने हवाई अड्डों और हवाई मार्गों की संख्या में वृद्धि के साथ करोड़ों लोगों के लिए हवाई सफर संभव बनाया है। उन्होंने कहा कि इस योजना का व्यापार और वाणिज्य तथा क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने पर व्यापक असर पड़ा है। श्री मोदी ने कहा कि आने वाले समय में सरकार लोगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधा पर ध्यान केंद्रित करते हुए विमानन क्षेत्र को मजबूत करना जारी रखेगी।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्य के नवनियुक्त एक हजार दो सौ उनतालीस पुलिस अवर निरीक्षक–दारोगा को नियुक्ति पत्र सौंपा। गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय द्वारा पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्री कुमार ने नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर राज्य में पहली बार ट्रांसजेंडर पुलिस अवर निरीक्षकों को भी नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

———————————————————

राज्य की चार विधानसभा सीटों के लिए हो रहे उप चुनाव में नामांकन का कार्य तेज हो गया है। कैमूर जिले के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से दोनों प्रमुख गठबंधन के प्रत्याशियों ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार अशोक कुमार सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं, महागठबंधन से राजद प्रत्याशी अजीत कुमार सिंह ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। अजीत कुमार सिंह राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र हैं। इधर, तरारी विधानसभा सीट

के लिए एनडीए उम्मीदवार भाजपा के विशाल प्रशांत उर्फ सुशील पांडेय कल अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस अवसर पर पीरो हाई स्कूल मैदान में एनडीए की सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत एनडीए दलों के प्रमुख नेता शामिल होंगे। उप चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अक्टूबर निर्धारित है। अट्ठाईस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच होगी। मतदान तेरह नवंबर को होगा।

———————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने देशभर के छह लाख छब्बीस हजार से अधिक गांवों में भूमि अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण किया है, जिसमें पांच हजार से अधिक उप–पंजीयक कार्यालय शामिल हैं। श्री चौहान ने आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान यह बाते कहीं।

———बाईट———

सरकार के इस कदम का उद्देश्य सम्पत्ति संबंधी विवादों में कमी लाना लेड के मेनेजमेंट और प्रशासन पारदर्शिता को बढावा देना है। इस कार्यक्रम के किर्यान्वयन में भूमि संसाधन का उच्चतम उपयोग हो सकेगा। राजस्व और रजिस्टेशन कार्यालयों का बार–बार चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी और नीति एवं नियोजन में सहायता के लिए विभिन्न एजेंसियों के साथ सूचना साझा की जा सकेगी, आदान–प्रदान किया जा सकेगा।

———————————————————————

आज पुलिस संस्मरण दिवस है। इक्कीस अक्टूबर उन्नीस सौ उनसठ में भारत–चीन सीमा पर लद्दाख में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दस जवानों की शहादत की याद में यह दिवस मनाया जाता है। गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कर्तव्य पथ पर अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को याद किया।

———बाईट———

यही जवान है जो कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और कच्छ से लेकर तिबुथु तक हमारी दूर–सदूर फैली हुई सीमाओं को सुरक्षित रखते हैं। यहीं जवान है जो दिन हो या रात हो, उत्सव हो या आपदा। तपति गर्मी हो, बारिश हो या शीत लहर हम सभी की सुरक्षा के लिए अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। आज मैं राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर इन वीर सपूतों को नमन करता हूं।

इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर पुलिस संस्मरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पटना स्थित बिहार पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गयी। विभिन्न जिला मुख्यालयों में भी

कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान वीरगति को प्राप्त पुलिसकर्मियों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

———————————————————————

जम्मू कश्मीर के गांदरबल के गगनगिर इलाके में कल शाम हुए आतंकी हमले में बिहार के तीन मजदूरों की मौत हो गयी। इनमें से दो मधेपुरा जिले के रहने वाले थे। मृत्यु की सूचना मिलने पर शंकरपुर थाना क्षेत्र के रामपुर लाही और भर्राही थाना क्षेत्र के चौरा गांव में मातम पसर गया है। इधर, जानकारी के अनुसार एनआईए की टीम ने इस आतंकी घटना की जांच शुरू कर दी है। एनआईए की टीम ने आज गगनगिर पहुंचकर मौके से साक्ष्य इकट्ठा किये हैं।

———————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह हमला कायरतापूर्ण कार्रवाई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जम्मू कश्मीर के आतंकी हमले में मारे गए राज्य के तीन श्रमिकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वे इस घटना से मर्माहत हैं। श्री कुमार ने तीनों मृतकों के निकटतम आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो –दो लाख रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं से अन्य लाभ दिये जाने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया है।

———————————————————————

राज्य के पहले ड्राई पोर्ट और इनलैंड कंटेनर डिपो का आज पटना जिले के बिहटा में शुभारंभ किया गया। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने इसका उद्‌घाटन किया और कंटेनर ट्रेन को रवाना किया। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मिश्रा ने कहा कि दोनों सुविधाओं की शुरुआत होना राज्य के लिए बड़ी बात है। इससे औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

———बाईट———

पटना जोन के सीमा शुल्क विभाग के मुख्य आयुक्त अजय सक्सेना ने कहा कि कई प्रमुख बंदरगाहों से जुड़े रहने के कारण बिहार के उत्पाद बाहर भेजने में आसानी होगी।

———बाईट———

वहीं, दानापुर रेल मंडल के प्रबंधक जयंत चौधरी ने कहा कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी के कारण इस सुविधा से आने वाले दिनों में व्यापार काफी तेजी से बढ़ेगा और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

---बाईट---

---

बेगूसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक आभूषण दुकान में अपराधियों ने गोलीबारी और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक मनीष ने बताया कि लगभग तीस से पैंतीस लाख रुपये के गहने की लूट हुयी है। उन्होंने बताया कि इस घटना में चार हथियारबंद अपराधी शामिल थे। स्थानीय लोगों और दुकानदार के साहस के कारण दो अपराधी पकड़े गए हैं। एसपी ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ की जा रही है और फरार दो अपराधियों की तलाश में छापेमारी भी जारी है।

---

राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री और बिहार केसरी डॉक्टर श्री कृष्ण सिंह की आज जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित मुख्य सचिवालय में आयोजित राजकीय समारोह में श्री कृष्ण सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा–सुमन अर्पित किये। इधर, कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित विशेष कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्री कृष्ण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

---

पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर टाईगर रिजर्व में आज से पर्यटन सत्र की औपचारिक शुरूआत कर दी गयी। मंगुराहा पर्यटन केंद्र में वीटीआर के वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक डॉ. नेशामणि ने हरी झंडी दिखाकर जंगल सफारी का शुभारंभ किया। वीटीआर में पयर्टकों की सुविधा के लिए कई एंट्री प्वाइंट बनाए गये हैं। वन विभाग ने वीटीआर में पर्यटन के अनुभव को और शानदार बनाने के लिए नेचर गाईडों को विशेष प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है।

---

त्रिवेन्द्रम में आयोजित राष्ट्रीय महिला टी–ट्वेंटी क्रिकेट मुकाबले में बिहार ने राजस्थान को पांच रन से पराजित कर दिया। प्रतियोगिता में बिहार की यह लगातार दूसरी जीत है। बिहार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बीस ओवर में छह विकेट के नुकसान पर छियानवे रन बनाए। जवाब में राजस्थान की पूरी टीम इक्यानवे रन पर ऑल आउट हो गयी। बिहार का अगला मुकाबला बाईस अक्टूबर को होगा।

———————————————————————

नालंदा जिले की एक स्थानीय अदालत ने चर्चित लोदीपुर हत्याकांड मामले में आज सजा का ऐलान किया। अदालत ने इस जघन्य हत्याकांड के सभी पंद्रह आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार इक्कीस में जमीन विवाद को लेकर छबिलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पांच लोगों की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में दो नाबालिग आरोपियों के खिलाफ किशोर न्याय परिषद में मुकदमा चल रहा है।

———————————————————————

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर अररिया स्थित एसएसबी के बावनवीं वाहिनी मुख्यालय में शहीद पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत वैश्विक भविष्य को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवनियुक्त एक हजार दो सौ उनतालीस दारोगा को नियुक्ति पत्र सौंपा। राज्य में पहली बार ट्रांसजेंडर सब इंस्पेक्टर को भी मिला नियुक्ति पत्र।

03. विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन का कार्य तेज हुआ। रामगढ़ विधानसभा सीट से भाजपा के अशोक कुमार सिंह और राजद प्रत्याशी अजीत कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल किया।

04. और, पटना के बिहटा में राज्य का पहला ड्राई पोर्ट और इनलैंड कंटेनर डिपो शुरू। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कंटेनर ट्रेन को रवाना कर किया उद्घाटन।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।